Need to permit health checkup facilities at Rajkot for person going abroad from Saurashtra region of Gujarat-laid

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट)**:** मैं माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जी से सौराष्ट्र क्षेत्र से विदेश जाने वाले छात्रों और उद्योगपतियों के स्वास्थ्य जांच से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार विदेश जाने वाले छात्रों और उद्योगपतियों को पहले मेडिकल जांच के लिए अहमदाबाद जाना अनिवार्य था, अब राजकोट ने हाल ही में अपने स्वास्थ्य सेवा संस्थान में प्रभावशाली प्रगति की है, जिसमें एम्स सहित कई मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल शामिल हैं।

अतः मैं माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूं, कि वे इस मामले में सौराष्ट्र से विदेश जानेवाले व्यक्तियों का स्वास्थ्य चिकित्सा अहमदाबाद के बजाय राजकोट में परिवर्तित करने का शीघ्र निर्देश दें, इस कदम से न केवल बहुमूल्य समय की बचत होगी बल्कि यात्रियों को वित्तीय राहत भी मिलेगी। धन्यवाद ।